an>

Title: Need to set up a separate Ministry for fisheries.

श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं हृदय की गहराइयों से सम्मान करते हुए आपको धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। ...(व्यवधान) मैडम, मैं आपके माध्यम से अपनी सरकार से एक निवेदन कर रहा हूँ कि भारत सरकार में मत्स्य मंत्रालय कृषि मंत्रालय के अधीन है। ...(व्यवधान) हिन्दुस्तान के अलग-अलग राज्यों में मत्स्य मंत्रालय सेपरेट है। ...(व्यवधान) इसके विभाग और मंत्री बिल्कुल सेपरेट हैं। भारत सरकार में यह मंत्रालय कृषि मंत्री के अधीन है। ...(व्यवधान)

18.01 hrs (Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से हाथ जोड़कर एक ही निवेदन कर रहा हूं कि इस मंत्रालय को अलग करके नया मंत्रालय बनाया जाए। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I would request the hon. Members to go back to their places. If you want to have any discussion, you can have it outside the House but not here like this.

श्री राम चरित्र निषाद : आज यह मत्स्य समाज, यह मछुआ समाज हिन्दुस्तान में हर समाज से पिछड़ा और गरीब है। इस समाज की समस्या पर देश की आजादी से लेकर आज पूर्व सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया है। सभापति जी, मैं पिछली सरकार के बारे में बताना चाहता हूं कि पिछली सरकार ने एक नया मंत्रालय बनाया, जो मुस्लिम मंत्रालय है। उनकी आबादी 24 करोड़ है और हिन्दुस्तान में आज मछुआ समाज की आबादी 22 करोड़ है। आज मैं पिछली सरकार से पूछना चाहता हूं, 10 वर्ष में उत्तर प्रदेश की सपा-बसपा सरकार द्वारा और कांग्रेस की सरकार द्वारा इस समाज की अनदेखी की गई है। ...(व्यवधान)